<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: इरेडा ने 28% से अधिक महिला कार्यबल के साथ मानक स्थापित किया

नई दिल्ली, 8 मार्च 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया, जिसका थीम "नारी शक्ति से विकसित भारत" था। इस कार्यक्रम में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया और उन्हें बाधाओं को तोड़ने और सतत विकास की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेना की पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा, इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इरेडा की स्वतंत्र निदेशक, श्रीमती रोहिणी रावत मौजूद थीं। कर्मचारियों ने विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का लाइव वेबकास्ट भी देखा, जिसका उद्घाटन भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया।

अपने संदेश में, इरेडा के सीएमडी, श्री दास ने इरेडा की महिला कर्मचारियों की सराहना की, और संगठन के उल्लेखनीय विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने सुशासन, कॉर्पोरेट मूल्यों और समग्र प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए लैंगिक विविधता के महत्व पर जोर दिया। उल्लेखनीय रूप से, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 के अनुसार, इरेडा के कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी 28.3% है, जोकि सीपीएसई के औसत 9.5% से कहीं अधिक है।

श्री दास ने लैंगिक समानता और कर्मचारी कल्याण के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया, जिसमें महिला डॉक्टरों तक पहुंच, फिटनेस सुविधाएं और समर्पित महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा समर्थित सुरक्षित कार्य वातावरण जैसी पहल शामिल हैं।

लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा ने अपनी प्रेरणादायी यात्रा के बारे में साझा की, जिसमें उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और मोटरस्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में अपने अनुभवों का

विवरण दिया, जिसमें टीएसओ और ऑटोक्रॉस रैलियां जीतना भी शामिल है। उन्होंने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और महिलाओं के लिए नेतृत्व के अवसर पैदा करने के लिए इरेडा की सराहना की।

इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. मोहंती ने इरेडा के विकास में योगदान के लिए महिला कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इरेडा की स्वतंत्र निदेशक, श्रीमती रोहिणी रावत ने भी अपने प्रेरक सफ़र को साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभवों और अंतर्दृष्टि से इरेडा कर्मचारियों को प्रेरित किया।

यह निरंतर तीसरा वर्ष था जब इरेडा ने संगठन-व्यापी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें महिला और पुरुष दोनों ही कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जोकि कार्यस्थल पर समानता और समावेशी को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।